## एक नजर

### बंटवारे के विवाद में युवक ने की खुदकुशी

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी राजकिशोर सैनी (45) पुत्र देवी दीन सैनी ने रविवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह वह देर तक कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनों ने देखा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के बड़े भाई रामपाल सैनी ने बताया कि एक सप्ताह पहले उसकी पत्नी पूजा अपनी दो बेटियों को लेकर अपनी बहन की ससुराल गजपतिपुर बदौसा चली गई थी। पत्नी के साथ राजकिशोर भी गया था लेकिन राजकिशोर कार्यक्रम के बाद परिवार को छोड़कर वापस लौट आया था। राजकिशोर जूता चप्पल की दुकान किए था। रविवार की रात वह नशे की हालत में घर आया था। उसने किसी दूसरे के मोबाइल से पत्नी से बात चीत हुई। पति पत्नी के बीच क्या विवाद हुआ उसे जानकारी नही है। रात को सूना मौका देख उसने यह घटना अंजाम दी। उधर मृतक की पत्नी पूजा ने बताया कि एक साल पहले घर का बंटवारा हुआ था। बंटवारे को लेकर राजकिशोर उसके भाई और मां से अक्सर विवाद होता रहा था। उसी विवाद से परेशान हो कर राजकिशोर ने यह घटना अंजाम दी।

### हार्पर क्लब महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज, हुईं प्रतियोगिताएं



**बांदा।** महिला हार्पर क्लब ने हरियाली तीज मनाया। गीत और संगीत के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। गुरुकुल कथक केन्द्र के कलाकारों ने कथक नृत्य से वाहवाही लूटी। तीज कार्यक्रम में फैशन शो, सावन नृत्य, कैटवाक, म्यूजिकल चेयर सहित कई खेल खेले गए। हार्पर क्लब की महिलाओं ने कालू कुआं स्थित रेस्टोरेंट में हरियाली तीज धूमधाम से मनाया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में क्लब की महिलाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए सबका दिल जीता। गुरुकुल कथक केंद्र के कलाकारों ने शानदार नृत्य प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। रंग-बिरंगे और लुभावने परिधानों में सोलह श्रृंगार से सजी-संवरी क्लब सदस्याओं ने सावन के गीतों पर मौज-मस्ती की। कार्यक्रम में सीमा सिंह, शोभा सिंह, ज्योत्स्ना श्रीवास्तव, जागृति, रिचा, डा.शबाना रफीक, संध्या कुशवाहा, शमीम बानो, मंजू आदि मौजूद रहीं। संचालन अर्चना भारती ने किया।

### मृतक की पत्नी प्रेमी संग गिरफ्तार

**बांदा।** लगभग ढाई माह पहले युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी को उसके प्रेमी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में लगभग ढाई माह पहले कोतवाली नगर अंतर्गत परशुराम तालाब निवासी युवक ने आत्महत्या के मामले का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद मृतक की पुत्री ने सूचना दी कि मां ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसके पिता को आत्महत्या करने पर मजबूर किया था। कोतवाली नगर में पुत्री की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने विवेचना करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतक की पत्नी गुड़िया और हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी प्रेमी गोपालदास उर्फ पुतुवा पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### 40 बुजुर्गों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**जसपुरा।** मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर विशेष शिविर लगाकर 70 साल से अधिक उम्र के 40 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान कार्ड पाकर बुजुर्गों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सीएचसी अधीक्षक की निगरानी में सोमवार को मधुसूदनदास आदर्श इंटर कॉलेज में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर जनप्रतिनिधि धनंजय सिंह के प्रयासों से लगा। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के 40 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। लोगों ने मांग उठाई कि 70 वर्ष से कम आयु वालों को भी योजना का लाभ मिलना चाहिए। लोगों का कहना था कि प्रचार-प्रसार की कमी के चलते कई पात्र लाभार्थी शिविर तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने मांग की कि सीएचसी में एक और शिविर लगाया जाए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से अनिल गुप्ता, विजय कुमार, धर्मेंद्र, आरिफ, सुमित सिंह परिहार, राजकमल प्रजापति, सुरेश सिंह, भीम सिंह, संतोष पांडेय और देवेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से विभिन्न परियोजनाओं पर की चर्चा

**नरैनी।** बुंदेलखंड क्षेत्र के विधायकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। कालिंजर दुर्ग स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में प्रत्येक सोमवार व सावन माह तथा बसंत पंचमी के साथ महाशिवरात्रि पर निःशुल्क प्रवेश व दर्शन की मांग प्रमुखता से उठाई। बुंदेलखंड क्षेत्र के विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कालिदास मार्ग स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान बागै नदी में तेरा-पथरा घाट और रंज नदी में शाहपाटन-कुईयांकगार घाट पर पुल का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की।

# चित्रकूट से वामदेवेश्वर मंदिर पहुंचे कांवड़ियों का हुआ स्वागत

» हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे, शिवलिंग का किया जलाभिषेक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** भगवान भोलेनाथ की आराधना को समर्पित पवित्र सावन मास में शिवभक्तों के बीच अपने आराध्य को मनाने की होड़ सी मची हुई है। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। कांवड़ियों के जत्थे चित्रकूट से मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर पदयात्रा करते हुए यहां पहुंचते हैं और शहर के वामदेवेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करते हैं।

सावन मास के तीसरे सोमवार को वामदेव कांवड़ियां समिति के तत्वावधान में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रियों के जत्थे चित्रकूट से जल लेकर शहर में शोभायात्रा निकालते हुए वामदेवेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां कांवड़ियों ने भगवान की आराधना की और जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। तीन दिन की पदयात्रा के बाद चित्रकूट से मंदाकिनी नदी का पवित्र जल लेकर सोमवार को कांवड़ियों का समूह शोभायात्रा के रूप में शहर की सीमा पर दाखिल हुआ तो उनके स्वागत के लिए शहर के लोग उमड़ पड़े। महेश्वरी देवी बाल समाज के तत्वावधान में एकत्र समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उनका माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। कांवड़ समिति के मुख्य संरक्षक प्रेम गुप्ता, संतोष सोनी, अनुज गुप्ता, सोनू गुप्ता, राजेश गुप्ता, राम आसरे गुप्ता आदि शामिल रहे। कांवड़ियों के स्वागत में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, वरिष्ठ समाजसेवी अमित सेठ भोलू, योगगुरु प्रकाश साहू, सचिन मिश्रा, अखिलेश शिवहरे, राकेश रंजन रक्कू आदि प्रमुख रहे। बता दें कि शुक्रवार को गाजे बाजे और भगवान भोलेनाथ के जयकारों के बीच बामदेव कांवड़ समिति के संयोजक कुलदीप नामदेव की अगुवाई में सैकड़ों शिवभक्तों का रेला चित्रकूट के लिए रवाना हुआ था और सोमवार को शहर के वामदेवेश्वर मंदिर पहुंचकर अपने आराध्य का जलाभिषेक किया।

## भगवान नीलकंठ के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

उधर सावन के तीसरे सोमवार को नरैनी तहसील के कालिंजर स्थित अजेय दुर्ग में स्थापित भगवान नीलकंठ महादेव की आराधना को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने सैकड़ों फिट ऊंचाई को दरकिनार करते हुए अपने आराध्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत की और सीढ़ियों के रास्ते भगवान नीलकंठ के मंदिर तक पहुंचकर जलाभिषेक किया। कालिंजर, नरैनी समेत आसपास के इलाकों के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। कालिंजर की दुर्गम पहाड़ियों पर चढ़ाई करते हुए श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य तक पहुंचकर शिव आराधना की। वहीं शहर की आस्था के केंद्र वामदेवेश्वर मंदिर की गुफा में भी श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। सुबह से महिला पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। मंदिर में शिवभक्तों की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंध समिति और प्रशासन की ओर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। भक्तों को कतारबद्ध करके गुफा के अंदर प्रवेश दिया गया। ताकि अव्यवस्थाओं का सामना न करना पड़े।



## महिला से विवाद पर छात्रा ने फांसी लगा की खुदकुशी

**नरैनी।** फतेहगंज थाना क्षेत्र के कंदोहरा गांव के अंश खेरिया निवासी रक्षा (17) पुत्री रामनरेश यादव रविवार की दोपहर कमरे के अंदर पंखा के हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। खेत से घर पहुंची मां सुनैना ने देखा तो शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। तत्काल फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया गया और सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतका के परिवारिक ताऊ रामबाबू ने बताया कि रक्षा का पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। घर पर उसकी मां सुनैना और छोटा भाई शुभम थे। बड़ा भाई शोभित बांदा में रह कर आईटीआई करता है। रक्षा ने इस वर्ष 11वीं में एडमीशन लिया था। बताया जाता है कि उसका किसी बात को लेकर पड़ोसी महिला से विवाद हो गया।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार, युवक की मौत

» कारसवार चार युवक गंभीर घायल, दो कानपुर रेफर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** तेज रफ्तार कार बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई और कार सवार चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को कानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अम्बेड़कर नगर निवासी सचिन (23) पुत्र मातादीन अपनी खुद की कार की सर्विस करवाने बांदा आया था। रविवार की देर शाम उसका बडा भाई विपिन (27), उसका फुफेरा भाई पुष्पेंद्र (30) पुत्र रामसजीवन पड़ोसी सुशील (22) पुत्र रामनारायन और अजय कुमार (25) पुत्र शिवकुमार आरओ को पेपर देकर झांसी से लौटे थे। सचिन सभी को रेलवे स्टेशन से कार में बैठाकर वापस गांव जा रहा था। जैसे ही वह जारी गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही बाइक की रोशनी उसकी आंखें चौंधिया गईं। बाइक को बचाने में कार आनियंत्रित हो कर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। जिससे सभी लोग कार में फंस गए। हादसे को देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसी तरह कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कर दिशा निर्देश दिए : जिलाधिकारी

» आरआरसी सेंटर रहे क्रियाशील, गांव को बनाया जाए प्लास्टिक मुक्त : डीएम





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, एफएसटीपी व आरआरसी सेंटर का प्रभावी संचालन, तथा प्लास्टिक मुक्त गांव अभियान की प्रगति में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आरआरसी सप्ताह में कम से कम दो बार निरीक्षण के दायरे में रहें, और वहाँ की आमदनी एवं गतिविधियों का पारदर्शी लेखा-जोखा रखा जाए।

जिलाधिकारी ने एफएसटीपी यूनिट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों हेतु स्थल चयन की कार्यवाही उप जिलाधिकारियों के समन्वय से शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गांव-गांव में प्लास्टिक मुक्त भारत की अवधारणा को जनांदोलन का रूप दिया जाए और स्वच्छता को केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजीवन की संस्कृति बनाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए अखिलेश तिवारी, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस शहर अध्यक्ष की अगुवाई में मोहल्लावासियों ने किया प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जरैली कोठी और नई बस्ती के लोगों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग लेकर कलक्ट्रेट में धरना देकर प्रदर्शन किया। मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जरैली कोठी और नई बस्ती के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने की मांग की।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में सोमवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जरैली कोठी और नई बस्ती के तमाम महिला-पुरुष जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है कि पुलिस लाइन के नजदीक आबाद जरैली कोठी और नई बस्ती के लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

बस्ती में सीसी रोड निर्माण न होने से लोगों को बरसात के मौसम में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। कच्चे रास्ते में बारिश का पानी भरने से लोगों को जलभराव की समस्या से जुझना पड़ता है। नालियां भी नहीं बनाई गईं हैं। बस्ती में विद्युत पोल की भी व्यवस्था नहीं हैं। फिसलन भरे रास्ते में आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। नई बस्ती सीसी रोड के साथ नाली निर्माण कराए जाने की मांग की। इस मौके पर अब्दुल रहमान, विनय दीक्षित, चमन सिंह, खालिक, राजू प्रसाद, संतोष कुमार, विजय कुमार, शिवमंगल, सत्येंद्र कुमार, उदय सिंह, बृजेश सिंह, चंदन बाबू, नूरजहां, अब्दुल खालिक, अब्दुल सलीम, रमाकांत, कुलदीप आदि लोग उपस्थित रहे।

**मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने को कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन**



# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मेडिकल कालेज में हुई प्रतियोगिता

» एमबीबीएस छात्र-छात्राओं अपनी मेधा का किया प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** आम जनता के बीच हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता लाने को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर हेपेटाइटिस के लक्षणों के साथ बचाव व नियंत्रण पर चर्चा की गई।

रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में सोमवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। इस दौरान एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिकल कालेज प्राचार्य डा. सुनील कौशल ने किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं मेडिसिन विभाग के तत्वाधान में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में एमबीबीएस के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता सिंह, जानवी चौधरी, आकांक्षा चौधरी, स्वीटी शुक्ला, शिखा गुप्ता, नीतिका अवस्थी, छवि टंगोरिया अव्वल रहीं। द्वितीय पुरस्कार श्रेया सिंह, श्रेयांश पांडेय, सृष्टि पटेल, सुनील प्रजापति, तिवारी विनायक, तुषार मौर्या ने जीता। अदिति पांडेय, मुस्कान अग्रवाल, तनिष्क सोनी, गौतम यादव, फरजान अहमद, विकास वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया।

# आटा पुलिस ने सोलर प्लेट चोरी का किया खुलासा चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

» पावर प्लांट से 11 प्लेट चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उरई जालौन।** आटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पावर प्लांट से सोलर प्लेट चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार । पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 11 चोरी की गई सोलर प्लेटें बरामद की हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह के अनुसार, सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी। दो युवक नेशनल हाइवे किनारे एक पुराने खंडहर में चोरी की गई सोलर प्लेटों के साथ मौजूद थे। पुलिस टीम को मुखिवर से सूचना मिली मुखबिर की सूचना मिलने पर आटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। दो युवको को मौके से गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने शनि कुमार निवासी परासन थाना आटा और युगेंद्र सिंह पुत्र बलराम निवासी गोपालपुर, थाना भोगनीपुर, कानपुर देहात को मौके से पकड़ लिया। दोनों आरोपी चोरी की सोलर प्लेटों को बेचने की फिराक में खड़े थे। दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह लंबे समय से पावर प्लांट से प्लेटें चोरी कर उन्हें बेचने का काम कर रहा था। बीते दिनों भी आटा पुलिस ने पावर प्लांट से 21 प्लेटें चोरी करने वाले दो अन्य युवकों को गिरफ्तार किया था। लगातार हो रही इन चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि चोरी की इन वारदातों में शामिल गिरोह की तलाश जारी है।

# बौद्धिक क्षमता में वृद्धि के साथ तनाव कम करता शतरंज का खेल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित शतरंज कार्यशाला में खिलाड़ियों को खेल के गुर सिखाए और शतरंज खेलने के फायदों पर विस्तार से चर्चा की गई। शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव अजय कुमार मिश्रा ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए शतरंज को कारगर बताया।

शहर के चिल्ला रोड स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी में शतरंज कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश शतरंज संघ के संयुक्त सचिव अजय कुमार मिश्रा ने शतरंज को बौद्धिक क्षमता में विकास के साथ तनाव कम करने वाला बताया। बच्चों में बढ़ रहे पढ़ाई के दबाव और व्यक्तित्व विकास के लिए शतरंज को कारगर बताया। कहा कि शतरंज गणित और विज्ञान जैसे विषयों को बेहतर तरीके से समझने में मददगार हो सकता है। कार्यशाला में खिलाड़ियों को शतरंज के ओपनिंग मिडिल गेम व फिनिशिंग के तरीके भी समझाए गए। प्रतिभागियों ने आपस में पांच राउंड के दोस्ताना मैच भी खेले, जिसमें मैच के बीच ही खेल कौशल तथा खेल में होने वाली गलतियों को व्यवहारिक रूप में समझाया गया।



» शतरंज खेल संघ के संयुक्त सचिव ने कार्यशाला को किया संबोधित

# पीतांबरा देवी मंदिर से लाखों के जेवरात व नगदी ले उड़े चोर

» निरीक्षण की रस्म अदायगी कर लौटी पुलिस



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** चोरों ने पीतांबरा देवी मंदिर में धावा बोलते हुए लाखों के जेवरात समेत दान पात्र तोड़कर नगदी पार कर दी। मंदिर महंत की सूचना पर पहुंची पुलिस निरीक्षण की रस्म अदायगी कर बैरंग लौट गई। कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के राजघाट रोड स्थित पंचनन आश्रम स्थित पीतांबरा देवी मंदिर में चोरों ने रविवार की रात धावा बोल दिया। पीतांबरा देवी के सोने के जेवरात समेत 10 हजार रुपये नगद व तीन मोबाइल फोन ले उड़े। सोमवार को सुबह मंदिर के महंत ओम चेतन ब्रह्मचारी ने आश्रम का सामान अस्त-व्यस्त देखा तो घटना की जानकारी हुई। महंत की सूचना पर कालवनगंज चौकी पुलिस ने मंदिर पहुंचकर जांच पड़ताल की। निरीक्षण की रस्म अदायगी पूरी करने के बाद पुलिस बैरंग लौट गई। महंत की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी। उधर, पीतांबरा देवी मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश रहा। आरोप लगाया कि शाम होते ही मंदिर और आश्रम के आसपास अराजकतत्वों का जमावड़ा रहता है। चौकी के सिपाही गश्त नहीं करते। श्रद्धालुओं ने घटना का शीघ्र खुलासा न होने पर विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

**निर्देश** मंडलायुक्त ने बैठक में की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

# महोबा व चित्रकूट में फैमिली आईडी बनाने में सुस्ती पर जताई नाराजगी

» सुस्ती पर नाराजगी जताते हुए तेजी से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** मंडलीय बैठक में आयुक्त ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराते हुए विकास कार्यों को तेज गति व समय से पूर्ण कराने पर जोर दिया। महोबा और चित्रकूट में फैमिली आईडी बनाने में सुस्ती पर नाराजगी जताते हुए तेजी से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

अपने कार्यालय सभागार में आयुक्त अजीत कुमार ने सोमवार को मंडलीय विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को विकास कार्यों को तेज गति व समय से पूरा कराने को कहा। फैमिली आईडी कार्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री आवास सर्वे के साथ कामन सर्विस सेंटर पंचायत में संचालित करने में तेजी लाने तथा आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एनआरएलएम में बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत हमीरपुर व महोबा में प्रगति लाने को कहा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में चित्रकूट में प्रगति लाने के निर्देश दिये। फैमिली आईडी बनाने कार्य में चित्रकूट एवं महोबा जनपद में प्रगति लाने को कहा। 15वें वित्त एवं राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद चित्रकूट में कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंर्तविभागों में चित्रकूट में पंचायत राज विभाग द्वारा तथा कृषि में महोबा तथा शिक्षा क्षेत्र के कार्यों के अन्तर्गत चित्रकूट एवं महोबा में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बेसिक शिक्षा के जर्जर भवनों को चिन्हित करते हुए तथा पुराने स्कूली वाहनों को संचालित नहीं रखने के निर्देश दिये। पंचायतों में निर्माणाधीन विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी जे.रीभा, डीएम चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, डीएम हमीरपुर घनश्याम, डीएम महोबा गजल भरद्वाज, अपर आयुक्त (प्रशासन) अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त सहित मंडल के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।



मंडलीय समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त।

**खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश**

मंडलायुक्त अजीत कुमार सिंह ने मंडलीय बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए जल निगम अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि जिन गांवों में पानी के कनेक्शन उपलब्ध हो गये हैं, वहां जलापूर्ति शीघ्र शुरू कराई जाए। गांवों में पाइप लाइन बिछाने को तोडी गई सड़कों की मरम्मत शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि शिकायत मिलने पर संबंधित कार्यदाई संस्था और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए सुनिश्चित : डीआईजी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांदा।** चित्रकूटधाम परिक्षेत्र पुलिस उप महानिरीक्षक ने मंडल के चारों जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अपराधों की समीक्षा की। कहा कि वांछित और शातिर अपराधियों को हर हाल में गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। पोक्सो और महिला संबंधी अपराधों में बेहद सतर्कता बरतें।

अपने कार्यालय में सोमवार को डीआईजी राजेश एस. ने मंडल के चारों जिलों के पुलिस अधीक्षकों व एसआईयू और एलआईयू प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को अपराध नियंत्रण के निर्देश दिए। कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी रुप से निस्तारण किया जाए। आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। आगामी त्यौहारों को सकुशल कराया जाए। मिशन शक्ति फेज-5.0 के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों में रोक को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। लंबित मामलों की विवेचना पूरी की जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अरुण कुमार सिंह (चित्रकूट), डा.दीक्षा शर्मा (हमीरपुर) और प्रबल प्रताप सिंह (महोबा) उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने कहा- जन अपेक्षाओं के अनुरूप हो विकास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ विस्तार से बातचीत करते हुए क्षेत्रीय विकास की समीक्षा की।



उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके विधानसभा क्षेत्रों की वास्तविक परिस्थितियों, जनता की अपेक्षाओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं के बारे में व्यक्तिगत रूप से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की प्राथमिकता योजनाओं की केवल समीक्षा नहीं, बल्कि उन कार्यों को धरातल पर उतारने की है जो सीधे जनता के जीवन से जुड़े हों। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग और पर्यटन विभाग से जुड़े कार्यों की विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए जनोपयोगी प्रस्तावों की प्राथमिकता तय करते हुए उनका एस्टिमेट तत्काल तैयार कराया जाए और अन्य सभी औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराते हुए कार्य शुरू किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सड़कों, पुलों और लघु सेतुओं की आवश्यकता सबसे अधिक है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों, ब्लॉक मुख्यालयों और धार्मिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों को भी उच्च प्राथमिकता पर लेते हुए जल्द निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने को कहा। नगर विकास विभाग से जुड़े मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों और प्रस्तावों को गंभीरता से लिया जाए और उनको योजनाओं में सम्मिलित कर अमल में लाया जाए। उन्होंने पर्यटन विकास से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाली सड़कें, संपर्क मार्ग, फ्लाईओवर, बाईपास, आरओबी, पांटून पुल, लघु सेतु और ब्लैक स्पॉट के सुधार जैसे कार्य न केवल आम जनता को सुविधा देंगे बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रस्तावित कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को लेकर केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर ठोस कार्य हो। इसके लिए निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए और कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री ने विकास के हर पहलू पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालयों तक संपर्क मार्ग, इंटर-कनेक्टिविटी की सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, आरओबी और ओडीआर/एमडीआर की सड़कों के निर्माण को विकास की रीढ़ बताते हुए इसे शीघ्र क्रियान्वयन योग्य कार्यों में सम्मिलित करने को कहा। बैठक में प्रदेश सरकार के कई मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, दयाशंकर सिंह, रविंद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', गिरीश चंद्र यादव, दानिश आजाद अंसारी सहित वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के विधायक और विधान परिषद सदस्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बैठक में अधिकारियों ने विकास कार्यों की अब तक की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और आने वाले समय की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा न केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा बल्कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सीधे संवाद का अवसर देकर उन्होंने विकास की योजनाओं को जनआधारित दिशा देने का भी प्रयास किया। मुख्यमंत्री का यह प्रयास जन आकांक्षाओं की पूर्ति और शासन की योजनाओं में त्वरित कार्यान्वयन में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## स्वर्ण व्यवसायी से पांच करोड फिरौती मागने वाला आर्यन गिरफ्तार

» फिरौती मागने वाले ने धमकी देते समय खुद को बताया था एके 47 गैंग का

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** एके 47 गैंग से बोल रहा हूँ। पांच करोड रुपये का डिमांड कर रहा हू, नही मिला तो गोली मार दूंगा, दिन दहाड़े चौराहे पर। चौबीस घंटे का मौका दे रहा हू, कोई चालाकी मत करना।

यह किसी फिल्म का डायलॉग नहीं है। एक शख्स द्वारा पडरौना नगर के समाजसेवी एवं आभूषण व्यवसायी अंशुमान बंका को व्हाट्सएप पर भेजा गया धमकी भरा टेक्स्ट मैसेज है, जिसमें पूरे पाँच करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गयी थी। फिरौती का मैसेज देने वाले ने खुद को एके-47 बताया था। बताया जाता है कि खुद को एके - 47 बताने वाले शख्स ने कल रात 8 बजकर 16 मिनट पर समाजसेवी व स्वर्ण व्यवसायी अंशुमान बंका के व्हाट्सएप पर पहला टेक्स्ट मैसेज भेजा कि एके 47 से बोल रहा हूँ। दूसरे मैसेज में पांच करोड़ का डिमांड और दिन दहाड़े बीच चौराहे पर गोली मारने की धमकी दी गयी। 8 बजकर 20 मिनट पर एके 47 के तरफ से भेजे गये धमकी मे कहा गया कि अंशुमान बंका चालाकी मत करना। तुम्हें कोई बचा नही पायेगा, एक बार डिमांड कर दिया, तो कर दिया, पैसा नही मिला तो मारे जाओगे। इस धमकी के बाद स्वर्ण व्यवसायी अंशुमान बंका और उनके परिवार के लोग दहशत में आ गये। तत्काल अपने शुभचिंतकों के साथ अंशुमान ने पडरौना कोतवाली पहुचकर साक्ष्य दिखाते हुए तहरीर दे दी। मामले की गंभीरता समझते हुए कोतवाली पुलिस रात मे ही जांच-पड़ताल मे जुट गयी। दूसरे दिन उसने पूर्वान्ह 11 बजकर 24 मिनट पर अंशुमान के बच्चे को स्कूल से उठाने की धमकी के साथ गाली भरा मैसेज किया। इस व्हाट्सएप मैसेज में उसने यह भी लिखा कि बहुत जल्द उठाऊंगा। इसके बाद 11 बजकर 25 मिनट पर अंतिम मैसेज में लिखा कि पैसा तो तुम्हारा बाप देगा।

इस मामले की जानकारी जब जिले के पुलिस अधीक्षक को हुई तो उन्होंने तत्काल इस प्रकरण का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस की टीम का गठन कर दिया। पड़रौना कोतवाली, नेबुआ नौरंगिया थाना, स्वाट, साइबर तथा सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर ही फिरौती मे धमकी देने वाले आर्यन उपाध्याय पुत्र ध्रुवनरायन उपाध्याय (निवासी सरपताही बुजुर्ग थाना नेबुआ नौरंगिया) को चिन्हित कर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही इस अपराध में प्रयुक्त उसका मोबाइल फोन बरामद भी कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के अनुसार पूछताछ के दौरान प आर्यन ने पुलिस को बताया है कि उसने आभूषण व्यवसायी को डराने और धमकाने के उद्देश्य से पांच करोड़ की फिरौती मांगी थी। उसने यह स्वीकार किया है कि उसका कोई ए.के 47 गैंग नहीं है और यह केवल डराने के लिए किया गया कृत्य था। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि उसने कुछ दिन पहले नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में एक पत्रकार को भी धमकी दी थी।

## महंगी शिक्षा के खिलाफ पिंडरा में प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पिंडरा (वाराणसी)।** शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता और महंगी शिक्षा के खिलाफ सोमवार को धरोहर संरक्षण सेवा संगठन और केसरिया भारत के कार्यकर्ताओं ने पिंडरा तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। 'एक देश, एक बोर्ड, एक फीस, एक पाठ्यक्रम' की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने 108 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर जनसभा आयोजित की। इसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी पिंडरा को सौंपा गया। इस मौके पर संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णानंद पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली के कारण समाज में आर्थिक असमानता और पारिवारिक विघटन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।



उन्होंने कहा कि महंगी शिक्षा आम लोगों के सामर्थ्य से बाहर होती जा रही है, जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है या फिर परिजनों को कर्ज में डूबना पड़ता है। पलायन और जनसंख्या असंतुलन जैसी समस्याओं की जड़ भी शिक्षा में बढ़ती असमानता ही है। कार्यक्रम का संयोजन कर रहे केसरिया भारत के प्रदेश अध्यक्ष गौरीश सिंह ने कहा कि एक समान शिक्षा व्यवस्था ही देश को सामाजिक और आर्थिक न्याय की ओर ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि जब तक पूरे देश में समान बोर्ड, फीस और पाठ्यक्रम लागू नहीं किया जाता, तब तक यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षा के निजीकरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज की व्यवस्था में अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ रहा है।

संगठन के प्रदेश संयोजक गौरव मिश्र ने कहा कि आज की शिक्षा बच्चों को संस्कारों से दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके दुष्परिणाम के रूप में वृद्धाश्रमों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। परिवार टूट रहे हैं, बच्चे अपने बुजुर्गों को बोझ मानने लगे हैं, यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि 'कृष्ण सुदामा शिक्षा अभियान' के अंतर्गत इस संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। प्रदर्शन में आनंद मिश्र, भानु प्रताप पाण्डेय, चंद्रदेव पटेल, प्रियम्बदा मिश्रा, शैलेन्द्र पाण्डेय और निराला मिश्र ने भी विचार व्यक्त किए और अभियान को समर्थन दिया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक शिक्षा व्यवस्था में समानता नहीं आएगी, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

केसरिया भारत के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्र ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण रुकना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक देश, एक बोर्ड, एक पाठ्यक्रम और एक समान फीस प्रणाली से ही शिक्षा में न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रदर्शन के अंत में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे और देश में शिक्षा की समानता के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही बीजेपी सरकार : आलोक तिवारी

» समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** पड़रौना में आज आयोजित रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व सांसद आलोक तिवारी ने भाजपा सरकार पर भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा भारत का संविधान देश की एकता, भाईचारा व सामाजिक समानता का प्रमुख स्रोत है। समाजवादी पार्टी बीजेपी सरकार के इस नापाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। सदन से लेकर सड़क तक इसकी लड़ाई लड़ी जाएगी।

अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था इसीलिए की गई कि दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का समुचित उत्थान हो सके। भाजपा सरकार आज इन वर्गों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की इस साजिश का पर्दाफाश करेंगे। हम सभी उत्तर प्रदेश की विधानसभा के अगले चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और संविधान की रक्षा का संकल्पवद्ध हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ. पीके राय, राजेश प्रताप राव, विक्रमा यादव, अच्छेलाल सोनी, हरीश राणा, मो. इलियास अंसारी, परशुराम पटेल, वीरेंद्र सिंह सैंथवार, हीरालाल प्रजापति, ओम प्रकाश यादव, लख्खी चंद यादव आदि ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### वैदिक मंत्रोचारण के बीच संपन्न हुआ द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक



**मऊ।** जायसवाल समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रावणी पूजन के तहत द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक में काशी के वैदिक विद्वानों के मंत्र उच्चारण से समूचा हनुमान घाट गूंज उठा। इस दौरान वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ 30 से अधिक परिवारों ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया। वैदिक आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल के आचार्यत्व में मिट्टी के द्वादश ज्योतिर्लिंग बनाकर प्राण प्रतिष्ठा कर गन्ने के रस, दूध, कुश जल व गंगाजल इत्यादि से रुद्राभिषेक कराया गया। काशी से प्रकांड विद्वान आचार्य मथुरा प्रसाद शुक्ल के आचार्यत्व में काशी के ही 12 वैदिक आचार्य के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। इस अनुष्ठान में लालबहादुर जायसवाल, मुन्ना जी जायसवाल, कैलाश जायसवाल, डॉ रामगोपाल मद्धेशिया, सौरभ बरनवाल, तेजप्रताप तिवारी, एडवोकेट अजय सिंह, राधेश्याम जयसवाल, अरुण जायसवाल, नीरज जायसवाल, आशीष जायसवाल, दीपक जायसवाल, अंकित बरनवाल, जुगनू जायसवाल, नवीन, दीपक, उदयभान, सुभाष, पवन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग सपरिवार मंत्र उच्चारण के बीच अभिषेक संपन्न कराए। इस अवसर पर सांसद राजीव राय, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, भाजपा नेता अशोक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, कांग्रेस नेत्री पूजा राय, गणेश सिंह, डॉक्टर रघुनंदन अग्रवाल, मनीष सोनी, आलोक खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, मनीष सर्राफ सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### कोर्ट में लंबित अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु चल रहा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

**मऊ।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाकर शमीम रिजवी ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 01 जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। न्यायालय द्वारा 01 जुलाई से 31 जुलाई तक मध्यस्थता हेतु उपर्युक्त प्रकरणों की पहचान की जायेगी तथा पक्षकारों को सूचित कर प्रकरण को मध्यस्थता के लिए सन्दर्भित किया जायेगा। इस अभियान में वैवाहिक विवाद के मामले. दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के वटवारे से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले, अन्य उपयुक्त दीवानी मामले, जिनमे समाधान की सम्भावना प्रबल हो ऐसे मामलों को मध्यस्थता हेतु सन्दर्भित किया जायेगा।

### रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई को

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, सहादतपुरा मऊ के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 30 जुलाई 2025 को हनुमत विजय प्रालि के द्वारा श्रीराम पिस्टन प्रालि राजस्थान में शैक्षिक योग्यता-08, 10, 12 पास आईटीआई आल ट्रेड वेतन रू-11200 से 11600, दूथ ट्रांसमिशन प्रालि0 हरियाणा, शैक्षिक योग्यता-10, 12 पास, आईटीआई, ग्रेजुएट, डिप्लोमा, वेतन - 11590 से 18500, क्वेस कार्प प्रालि पूने, शैक्षिक योग्यता 12 पास एवं आईटीआई टैक्टर मैकेनिक, फीटर, टर्नर आदि वेतन रू.10500 से 15500, गतिमान प्रालि, भारतीय स्टेट बैंक आदि निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा बेराजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से उनके योग्यता के अनुरूप चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। मेले में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकृत अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा।

### देवरिया के रुद्रपुर में सेना के रिटायर्ड जवान की पीट-पीट कर हत्या

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर में सोमवार की दोपहर सेना के सेवानिवृत्तजवान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। एएसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। उधर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। गांव के रामदयाल कुशवाहा (65) सेना से सेवानिवृत्त थे। प्राइमरी विद्यालय के पास मौजूद एक भूमि को लेकर उनका विवाद एक वर्ष से चल रहा था। सोमवार को उनकी भूमि में विपक्ष का एक व्यक्ति बोलेरो घुमा रहा था। यह देख उन्होंने विरोध जताया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। जिससे वह मौके पर ही गिर गए। सूचना पर यूपी 112 की टीम पहुंची और अपनी ही गाड़ी में उन्हें सीएचसी रुद्रपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, सीओ हरिराम यादव, प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच की। मृतक के बेटे का आरोप है कि अपनी समस्या को लेकर लगातार वह तहसील दिवस व अन्य जगहों पर दौड़ते रहे, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी और फिर हत्या कर दी गई। एएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

## सफाई कर्मचारी अब राजस्व ग्राम सभा में रहेंगे तैनात

» सभी सफाई कर्मियों की संबद्धता समाप्त करने का जिला पंचायत राज अधिकारी ने जारी किया पत्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**देवरिया।** जिले में वर्षों से चली आ रही सफाईकर्मियों की अनौपचारिक अटैचमेंट व्यवस्था पर आखिरकार पूर्णविराम लग गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त सफाईकर्मियों की अधिकारियों के आवासों और कार्यालयों में की गई संबद्धता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।

अब सभी सफाईकर्मियों को उनके मूल पदस्थापन स्थान – राजस्व ग्राम सभाओं में ही तैनात किया जाएगा।यह निर्णय जिले में व्याप्त वर्षों पुरानी शिकायतों और ग्रामीण क्षेत्रों की चरमराती सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि पिछले 18 वर्षों से बड़ी संख्या में सफाईकर्मी अधिकारियों के आवासों, सरकारी दफ्तरों या प्रभावशाली लोगों के निजी कार्यों में संलग्न थे, जिसके कारण गांवों में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी।

इस गंभीर मुद्दे को लेकर सुभासपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने लगातार प्रशासन से शिकायतें की थीं और इस व्यवस्था को बदलने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे थे। अंततः उनके इन्हीं प्रयासों को सफलता मिली और जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबद्धता समाप्त करने का स्पष्ट आदेश पत्र जारी कर दिया। जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी सफाईकर्मी अब राजस्व ग्राम सभाओं में ही अपनी सेवा देंगे।

## भाटपार रानी में आज लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला 29 जुलाई, मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर, भाटपार रानी, देवरिया में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी, जो साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का कैंपस चयन करेंगी। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

## सात दिवसीय लोक कजरी कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

» कजरी विधा में प्रेम, विरह, भक्ति के साथ ही राष्ट्र भक्ति भी सम्मलित है : रजनीकांत मणि त्रिपाठी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कसया,कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्थान, लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा सात दिवसीय कजरी लोक गायन कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री मणि ने कहा कि कजरी विधा घर परिवार के आपसी सम्बन्धों को जीवंत करती है। कजरी प्रेम राग की संवेदना को उभारती है।उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से निकली कजरी एक विधा बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि कजरी गायन में प्रेम विरह,भक्ति और राष्ट्र भक्ति सभी कुछ सम्मिलित हैं। कजरी जहाँ एक तरफ गांव के मजदूर किसान साधारण महिलाओ को जोड़ता है, तो वहीं दूसरी तरफ संगीत और गीत के बड़े आयोजनों से कहीं कहीं कजरी की स्वाधीनता अवलोकन से जुडी बड़ी घटनाएं भी है।

प्रशिक्षक के रूप में लोक गायक धीरज राव ने बच्चों को कजरी बिधा के रूप में एक से बढ़कर एक गीत को पढ़ाया और गंवाया बच्चों को कजरी के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति पब्लिक स्कूल टेकुआटार के प्रबंधक मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर कुंवर मद्धेशिया,राजन गुप्ता,सतीश कुशवाहा अजित श्रीवास्तव, स्नेहा राव,आरती प्रजापति,बबिता पासवान, नरगिस सिद्दिकी,मृदुला तिवारी,दिलिप यादव,प्रमोद राव अनिल यादव आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विद्यालयों के विलय, उर्वरकों के अभाव व बिजली कटौती का विरोध

» अपनी जनता पार्टी ने निकाली बाइक रैली जगायी जनजागरण की अलख

» खड्डा विकास खण्ड में गांव-गांव जाकर जताया विरोध, सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज खड्डा विकास खण्ड के गांवों में बाइक रैली का आयोजन कर विरोध का इजहार किया और जनजागरण की अलख जगायी । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के निर्देश पर यह बाइक रैली आयोजित की गई थी , जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने किया। रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के



27,764 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद या उनका विलय करने के फैसले के खिलाफ आवाज बुलंद की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में यूरिया खाद की किल्लत और बिजली कटौती की समस्या को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया गया।

इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि सरकार की नीतियां शिक्षा को खत्म करने की दिशा में हैं। हमारी पार्टी ऐसे किसी भी फैसले का पुरजोर विरोध करती है, जो गरीब, किसान और मजदूर विरोधी हो। बाइक रैली खड्डा ब्लॉक के विभिन्न गांवों से होकर निकली और जनता को शिक्षा, खेती और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया।

रैली में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा, जिलाउपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी अजय कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष खड्डा अनिल कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष पडरौना सुरेश प्रसाद, भगवंत कुशवाहा, उदय प्रताप कुशवाहा (पूर्व प्रधान), खजाना भारती, संजय कुशवाहा, देवा मौर्य, अमरजीत कुशवाहा, मुन्ना भारती, मुस्लिम अंसारी, संतोष कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, विनय गौड़, रवि कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, लालाबाबू कुशवाहा, सतेन्द्र कुशवाहा, मजलूम अंसारी, पवन कुमार शर्मा, रिकेश कुशवाहा, सिंहासन कुशवाहा, वीरेन्द्र कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्रेमजाल में फंसा कर धर्म परिवर्तन व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामकोला (कुशीनगर)।** रामकोला क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला-फुसलाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया है।



पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने सोमवार को थाना रामकोला क्षेत्र के रामपुर भाठ निवासी इसराफिल अंसारी पुत्र इद्रीश अंसारी को गिरफ्तार किया। आरोपी पर युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाने, धर्म परिवर्तन कराने और लगातार शारीरिक शोषण करने का आरोप है। पीड़िता के पिता ने 26 जुलाई को रामकोला थाने में तहरीर दी थी कि इसराफिल ने उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया और अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने मुकदमा बीएनएस और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की। पूछताछ में पता चला कि आरोपी इसराफिल पहले से शादीशुदा है। उसने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और विरोध करने पर उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी लगातार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपी युवक के पास से पीड़िता का परिवर्तित और मूल आधार कार्ड, आरोपी का आधार कार्ड, नकदी, और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## घर में गोलीबारी की घटना से संबंधित दो शातिर गिरफ्तार

**मऊ।** 19 जुलाई को थाना सरायलखन्सी क्षेत्रान्तर्गत नियामूपुर में घर में गोलीबारी की कारित हुयी घटना से संबधित 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक अदद तमन्चा व 02/02 जिन्दा/खोखा कारतूस .315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्रि के कुशल पर्वेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में आज 28 जुलाई को थाना सरायलखन्सी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बडागाव राजभर बस्ती हनुमान मंदिर के पास से अभियुक्तगण मनीष यादव पुत्र लालजी यादव निवासी शेख अहमदपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ, यदुनन्दन यादव उर्फ गोल्डेन पुत्र लक्ष्मन यादव निवासी शेख अहमदपुर थाना मुहम्मदाबाद मऊ को गिरफ्तार किया गया।

**सम्मान** कारगिल विजय दिवस का किया गया विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# शहीद सैनिकों के परिवार को किया गया सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कारगिल विजय दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपाजनों ने भुजौटी स्थित वीरगति को प्राप्त बलिदानी सुदामा राजभर की विशाल प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण करने के साथ ही स्थानीय विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया।







वीर बलिदानियों के परिजनों में भाजपा द्वारा सम्मानित होने वालो में राहुल राजभर सुग्गी देवी प्रेमशिला देवी सुधाकर शर्मा दमयंती देवी सचिंद्र सिंह ध्रुव शाही सहित पूर्व सैनिक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव रहे। विजय दिवस पर भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री सुनील कुमार गुप्त ने साईं कालेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भारतीय सेना के अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का जिक्र किया। उन्होंने कारगिल युद्ध के वीरों के माता-पिता, वीर नारियों और सभी परिवारजनों का दिल से आभार जताया। यही नहीं उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, उनकी कायरता का उत्तर हमारी सेना ने अपने पराक्रम से दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने अमर बलिदानियों को याद करते हुए कहा कि 1999 में भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय में शानदार जीत हासिल की। उस समय घुसपैठियों को वापस खदेड़ा था। भारत ने साफ कर दिया था कि दुश्मन के नापाक इरादे को सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उसी तरह आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया तथा निर्णायक जीत हासिल की। आज हम तोलोलिंग, टाइगर हिल और प्वाइंट 4875 की ऊंचाइयों के नीचे खड़े हैं, और हम केवल उस युद्ध को नहीं याद कर रहे। हम उस भावना को स्मरण कर रहे हैं जो उन रणबांकुरों ने दिखायी थी। इस मौके पर सुनील कुमार गुप्त ने कहा कि आतंकवाद को सहारा देने वाले अब नहीं बचेंगे।

इस अवसर पर मुन्ना दुबे अशोक सिंह अखिलेश तिवारी बजरंगी सिंह संतोष सिंह संगीता द्विवेदी कृष्णकांत राय राघवेंद्र शर्मा रमेश राय ज्योतिसिंह पूजा राय धर्मेंद्र राय दिबाकर मिश्रा रविन्द्र उपाध्याय कृष्णा खंडेलवाल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

